## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

1. आकाशवाणी पर मन की बात में प्रधानमंत्री ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा।
3. प्रधानमंत्री ने कहा कि एन.सी.सी. में बालिका कैडेटों का नामांकन पच्चीस प्रतिशत से बढ़कर चालीस प्रतिशत हो गया है।
4. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय तथा समुद्र जैव विविधता पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया।
5. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में खरीद एवं विप्पणन सहायता योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने निःस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ने वृद्धजनों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या अस्सी लाख से अधिक हो गई है। श्री मोदी ने बताया कि अहमदाबाद के राजीव, लोगों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे के बारे में आगाह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि एन.सी.सी. युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एन.सी.सी. से जुड़ने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी है। सत्ताईस नवंबर तक चलने वाला यह मेला सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, गैर–सरकारी संगठनों, शिल्पकारों और स्वयं सहायता समूहों के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच है।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय तथा समुद्र जैव विविधता पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया। समापन समारोह भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने समुद्री जैव विविधता और सतत् विकास पर इन द्वीपों की छात्रों और शिक्षक समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केन्द्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन द्वीपों को दुनिया के जैव विविधता वाले हॉट–स्पॉट में से एक माना जाता है। मुख्य सचिव ने कहा कि इस समृद्धि को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की ज़िम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने इन द्वीपों की जैव विविधता पर भी प्रकाश डाला, जिसमें समृद्ध समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र से लेकर पक्षियों और कछुओं की स्थानीय प्रजातियां शामिल है। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन और आई. एन. एस. उत्क्रोश के स्टेशन फ्लाइट सेफ्टी ऑफिसर कैप्टन पी. महाजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने अपने संबोधन में कार्यशाला के दो पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों और शिक्षकों को समर्पित थी, जो ज्ञान का प्रसार करने और जैव विविधता संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कैप्टन पी. महाजन ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए और प्रतिभागियों को इन पारिस्थितिक तंत्रों की रक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से सशक्त बनाने में उनकी प्रतिबद्धता के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण को बधाई दी।

<><><><><><>

डॉलीगंज के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में छब्बीस नवम्बर को खरीद एवं विप्पणन सहायता योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला भारत सरकार की सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मत्रालय के तहत श्री विजयपुरम के एम. एस एम. ई विकास एवं सुविधा कार्यालय की ओर से आयोजित की जाएगी। ई–कॉमर्स प्लेटफार्म, बार–कोर्ड पंजीकरण आयात–निर्यात नीति तथा प्रक्रिया, जैम पोर्टल अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय व्यापार में नवीनतम विकास और एम. एस एम. ई के लिए बाज़ार पहुंच विकास के लिए सरकारी सहायता तथा योजनाओं पर जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में उद्यम पंजीकरण रखने वाले उद्यमी भाग ले सकते हैं।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में भूगोल जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया, जिसे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली अण्डमान क्लब से घण्टाघर, सेल्युलर जेल और मरीना पार्क होते हुए वापस कॉलेज पहुंच कर सम्पन्न हुई। रैली में तीन सौ पचास से अधिक छात्रों, संकाय सदस्यों और सहायक कर्मचारियों ने भाग लिया। सप्ताह के दौरान अंतर विभागीय निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा भूगोल और आप विषय पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों से कल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। पदों के हिसाब से जांच की समय सारणी प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव केशव चंद्र ने कल स्कूली बच्चों के लिए नेताजी स्टेडियम के नव–विकसित वॉलीबॉल कोर्ट में वॉलीबॉल कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन किया। उन्होंनें उद्घाटन मैच भी खेला। खेल और युवा मामले विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने उपस्थिति का स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त अर्जुन शर्मा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल पैंतीस स्कूली छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>